दिनांक 25 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आज से सभी जोन कार्यालय में प्रारंभ हुआ जनदर्शन , जनदर्शन में 47 आवेदन हुए प्राप्त, पांच का त्वरित रूप से किया गया निराकरण

भिलाई नगर/ निगम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है! ऐसे में जनता अपनी शिकायतों एवं समस्याओं को कहां लेकर जाए यह एक बड़ी समस्या थी! जिसके लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर प्रत्येक जोन कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को तथा निगम मुख्य कार्यालय में प्रथम एवं अंतिम शनिवार को जनदर्शन का आयोजन किया गया है! जनता और निगम के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से निगमायुक्त ने जनदर्शन आयोजित करने का फैसला लिया है! जिसके परिपालन में निगम क्षेत्र के प्रत्येक जोन कार्यालय में आज से जनता की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए जनदर्शन लगाया गया! जिसमें क्षेत्रवासी अपनी शिकायतों व समस्याओं को लेकर पहुंचे! कुल 47 लोगों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं से निगम प्रशासन को अवगत कराया! त्वरित निराकरण योग्य आवेदन को जनदर्शन के माध्यम से समाधान कर दिया गया! जोन क्रमांक एक में चार एवं जोन क्रमांक 5 में एक आवेदन का त्वरित रूप से निराकरण किया गया! नेहरू नगर जोन में राशन कार्ड की समस्या का निराकरण किया गया तथा सेक्टर 6 में एक आवेदन बीपीएल कार्ड से संबंधित प्राप्त हुआ था जिसका निराकरण जनदर्शन के माध्यम से किया गया! जनदर्शन में मुख्यतः अतिक्रमण, अवैध कब्जा, मोटर एवं पंप से संबंधित, पानी कनेक्शन संबंधित, सीवरेज लाइन से संबंधित, सफाई से संबंधित, पट्टा, राशन कार्ड से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए! जिसका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा! जोन कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को तथा मुख्य कार्यालय में प्रथम शनिवार एवं अंतिम शनिवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन का समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है! इस बीच निगम के रहवासी अपनी समस्याओं को लेकर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं!

जनसंपर्क अधिकारी